आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

● वर्ष- 16 अंक 80 ● कटनी ● शनिवार, 23 अप्रेल, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास कृष्ण पक्ष-7 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935





## 5 प्रयागराज में एक ही परिवार के का गला रेता

### घर में लगाई आग; बेटी-बहू के साथ रेप की आशंका

**प्रयागराज।** उत्तरप्रदेश के प्रयागराज जिले से एक बार फिर सामूहिक हत्याकांड का मामला सामने आया है। थरवई थाना क्षेत्र के खेवराजपुर गांव में शुक्रवार आधी रात को हत्यारों ने एक ही परिवार के 5 लोगों की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी। हत्यारों ने 5 साल की बच्ची पर भी वार किया है, फिलहाल उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।हत्यारों ने वारदात को अंजाम देने के बाद शवों को जलाने के लिए घर में आग लगा दी। घटनास्थल पर पुलिस, फॉरेंसिक टीम मौजूद है। मरने वालों में 5 माह की गर्भवती सविता भी शामिल थी। सविता की एक बेटी मीनाक्षी की हत्या कर दी गई है, वहीं 5 साल की दूसरी बेटी साक्षी घायल है। वहीं सविता के पति सुनील ने अपनी पत्नी और बहन दोनों के साथ रेप की आशंका भी जताई है। भोर में लोगों ने घर से धुआं निकलता देखा तो मौके पर पहुंचे। जिसके बाद घटना की जानकारी हुई। मृतकों में राम कुमार यादव (55), उसकी पत्नी कुसुम देवी (52), बेटी मनीषा (25), बहू सविता (27) और पौत्री मीनाक्षी (2) शामिल हैं। जबकि एक अन्य पौत्री साक्षी (5) जिंदा मिली है। हत्या किसने और क्यों की इस बारे में फिलहाल कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस अफसर मौके पर हैं जांच पड़ताल जारी है। इससे पहले प्रयागराज के नवाबगंज के खागलपुर गांव में 16 अप्रैल को प्रीति तिवारी (38) व उसकी तीन बेटियों माही(12), पीहू(8) और कुहू(3) की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी, जबकि पति राहुल तिवारी 42) फंदे पर लटका मिला था। सभी के शव घर के भीतर पड़े मिले थे। मौके पर एक सुसाइड नोट भी मिला था, जिसमें ससुरालवालों को घटना का जिम्मेदार बताया गया। पुलिस तहरीर के आधार पर चार लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।



मृतकों के जीवित अवस्था का चित्र

## नवनीत राणा के घर शिवसैनिकों का हल्ला बोल, बैरिकेड्स तोड़कर गेट के अंदर घुसे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा और लाउडस्पीकर विवाद पर राजनीति और भी गरमाती जा रही है। बडनेरा से निर्दलीय विधायक रवि राणा और उनकी पत्नी व सांसद नवनीत राणा ने आज मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के निजी आवास मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने का एलान कर दिया है। जिसके बाद भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। वहीं इस एलान के बाद से शिवसेना की कुछ महिला नेता भी मातोश्री के बाहर डटी हुई हैं। इस बीच नाराज शिवसैनिको ने देर रात यहां से गुजर रहे भाजपा नेता मोहित कंबोज की कार पर हमला भी कर दिया।निर्दलीय सांसद नवनीत राणा ने कहा कि हमें परेशान किया जा रहा है, मेरा सवाल है कि शिवसैनिक बैरिकेड्स तोड़ कर गेट के अंदर कैसे आ गए ? मैं नीचे जाऊंगी और गेट के बाहर भी जाऊंगी और मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ भी करूंगी। हमें कोई नहीं रोक सकता। सीएम लोगों को सिर्फ जेल में डालना जानते हैं। वहीं सांसद नवनीत राणा के पति और विधायक रवि राणा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि पुलिस हमें घर से बाहर कदम रखने नहीं दे रही है। शिवसेना कार्यकर्ता हमारे आवास पर हमला करने की कोशिश कर रहे। हमने हमेशा मातोश्री को मंदिर के रूप में माना है। उद्धव ठाकरे केवल राजनीतिक लाभ चाहते हैं।



**हम उन्हें सबक सिखाने का इंतजार कर रहे: किशोरी पेडनेकर**

मुंबई में मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा पाठ पढ़ने को लेकर मुंबई की पूर्व मेयर और शिवसेना नेता किशोरी पेडनेकर ने कहा कि हम इंतजार कर रहे हैं, हम हनुमान चालीसा सामने रखेंगे। हम उन्हें सबक सिखाने का इंतजार कर रहे हैं। नवनीत और रवि राणा अभी अपने खार स्थित घर पर मौजूद हैं। उम्मीद है कि वे कुछ देर में मातोश्री के लिए निकलेंगे। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नवनीत राणा को वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने का फैसला किया है।

**नवनीत पर भड़के राउत**, कहा- हिम्मत है तो सामने आकर लड़ें

शिवसेना से राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि यदि कोई मातोश्री पर आकर हनुमान चालीसा का पाठ करेगा तो क्या शिवसेना चुप बैठेगी। यदि आप हमारे घर तक पहुंचेंगे तो हमें अधिकार है उसी भाषा में जवाब देने का। महाराष्ट्र की कानून-व्यवस्था आप खराब कर रहे हैं अगर आप में हिम्मत है तो सामने आकर लड़ें।

## 300 साल पुराने शिव मंदिर पर कांग्रेस का बुलडोजर, मौके पर पहुंचे भाजपा नेता

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के राजगढ़ में तीन मंदिरों, 100 से ज्यादा मकानों व दुकानों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। जिन तीन मंदिरों पर बुलडोजर चलाया गया है, उनमें शिव परिवार का एक मंदिर करीब 300 साल पुराना है। ड्रिल से निकालने की कोशिश में शिवलिग का कुछ हिस्सा टूट गया। अन्य मूर्तियों की भी बेकद्री करते हुए कचरे में डाल दिया गया। इसको लेकर भाजपा ने जहां कांग्रेस सरकार व अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है, वहीं अशोक गहलोत सरकार ने कहा है कि इसके बारे में नगर पालिका ने निर्णय लिया था। सरकार ने मामले की जांच के भी निर्देश दिए हैं। वहीं शनिवार सुबह भाजपा नेताओं का प्रतिनिधिमंडल मौके पर पहुंचा।बता दें, भाजपा ने शिव मंदिर को तोड़े जाने की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। सीकर सांसद स्वामी सुमेधानंद की अध्यक्षता में गठित भाजपा कमेटी तीन दिनों में राजगढ़ का दौरा कर तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार कर राजस्थान भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनिया को सौंपेगी।



## क्या बिहार में बीजेपी के साथ खेला करेगी जदयू?

### तेजस्वी की इफ्तार पार्टी में पहुंचे सीएम नीतीश; तेजप्रताप बोले- हम बनाएंगे

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बोचहां उपचुनाव में राजद को मिली जीत के कुछ दिन बाद ही तेजस्वी यादव द्वारा दिए इफ्तार के न्यौते को ना केवल स्वीकार किया बल्कि इसमें शिरकत भी की। इसके बाद से बिहार की सियासत में अटकलों का दौर फिर शुरू हो गया है। ऐसा माना जा रहा है कि सीएम ने इसके जरिए बीजेपी को संदेश देने की कोशिश की है। वहीं तेजप्रताप ने एक बार फिर राज्य में सरकार बनाने का दावा किया है। इससे लग रहा है कि सियासी अंदरखाने कोई न कोई खिचड़ी तो जरूर पक रही है। इसी बीच लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप से जब सीएम नीतीश कुमार के इफ्तार पार्टी में शामिल होने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि बिहार में खेल होगा। उन्होंने कहा कि राजनीति में उथल-पुथल होती रहती है।



### इफ्तार पार्टी का राजनीति से कोई संबंध नहीं-नीतीश

बहरहाल, नीतीश कुमार के ताजा बयान ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। नीतीश ने शनिवार सुबह कहा कि इफ्तार पार्टी का राजनीति से कोई संबंध नहीं है। क्या हमने इससे पहले कोई इफ्तार पार्टी नहीं की ? हम भी इफ्तार की दावत देते हैं और सभी को बुलाते हैं।

### पांच साल बाद तेजस्वी के घर पहुंचे थे सीएम नीतीश

सीएम नीतीश कुमार पांच साल बाद तेजस्वी के घर इफ्तार पार्टी में शामिल होने के लिए पहुंचे। वे इससे पहले 2017 में उनके घर गए थे। इसी साल नीतीश ने महागठबंधन से नाता तोड़कर बीजेपी के साथ गठजोड़ कर लिया था। इसके बाद से लालू और नीतीश के संबंधों में खटास आ गई थी। वहीं बीजेपी-जदयू का गठबंधन 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान भी जारी रहा। वर्तमान में बिहार में एनडीए का शासन है। हालांकि गाहे-बगाहे बीजेपी नेता अपनी पार्टी का मुख्यमंत्री होने का राग अलापते रहते हैं। जिसपर कई बार दोनों दल आमने-सामने आ चुके हैं।

## पीएम मोदी से सीएम शिवराज की मुलाकात

### ▶ किसान-बेरोजगारों के लिए बड़ा फैसला ▶ 20 लाख मीट्रिक गेहूं और एक्सपोर्ट हो सकेगा

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दिल्ली पहुंचे । सीएम ने पीएम से चर्चा के दौरान प्रदेश सरकार के कई मुद्दों पर बात की। सीएम ने कहा- मध्यप्रदेश में रोजगार दिवस का आयोजन करते हैं। हर महीने एक दिन रोजगार दिवस होता है। हमारा टारगेट होता है कि कम से कम दो लाख स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं। इसके लिए लोन दिया जाता है। केंद्र और राज्य दोनों मिलकर रोजगार के अवसर बढ़ाएंगे। इस पर भी बात हुई है। सीएम ने कहा कि गेहूं के निर्यात को लेकर भी चर्चा हुई है। इस बार हम 20 लाख मीट्रिक टन गेहूं और निर्यात करेंगे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद चर्चा में कहा कि प्रवासी भारतीय दिवस 9 जनवरी को होता है। मैंने इसे मध्यप्रदेश में आयोजित करने का आग्रह प्रधानमंत्री जी से किया है। हम मध्यप्रदेश में इन्वेस्टर्स समिट 4,5,6 नवंबर को आयोजित करने वाले थे, लेकिन उसकी तिथि हम बदल रहे हैं। अब यह इन्वेस्टर्स समिट प्रवासी भारतीय दिवस के पहले इंदौर में 7 और 8 जनवरी को होगी।



फाईल फोटो

### खरगोन दंगा और नक्सल समस्या पर बात

सीएम शिवराज आदिवासी वर्ग के लिए प्रदेश सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों को लेकर भी चर्चा की। वहीं, खरगोन में हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद प्रदेश के लॉ एंड ऑर्डर, नक्सल समस्या, स्लीपर सेल के आतंकियों की गिरफ्तारी से जुड़ी जानकारी पीएम मोदी को दी।

## तबादला रुकवाने दो शिक्षिकाओं ने 30 छात्राओं को बनाया बंधक



**लखीमपुर-खीरी।** यूपी लखीमपुर खीरी जिले के बेहजाम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) की करीब दो दर्जन छात्राओं को उनकी दो शिक्षकों ने गुरुवार रात कथित तौर पर छत पर बंद कर दिया।

अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। लखीमपुर खीरी के बेसिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीकांत पांडे ने एजेंसी को बताया, शिक्षकों ने अनुशासनात्मक आधार पर दूसरे केजीबीवी में हुए उनके तबादले को रद्द करने के लिए जिले के अधिकारियों पर दबाव बनाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपनाए।उन्होंने बताया, वार्डन ललित कुमारी ने उन्हें और जिला समन्वयक, बालिका शिक्षा रेणु श्रीवास्तव को घटना के बारे में सूचित किया, जिसके बाद वे स्कूल पहुंचे और वहां कई घंटों तक मौजूद रहें। स्थानीय पुलिस थाना से महिला पुलिस को बुलाया गया और लड़कियों को अपने छात्रावास के कमरे में वापस लाया गया। पांडे ने कहा, इस संबंध में जिला समन्वयक बालिका शिक्षा रेणु श्रीवास्तव द्वारा दो शिक्षकों मनोरमा मिश्रा और गोल्डी कटियार के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं के के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस मामले की चार सदस्यीय समिति द्वारा विभागीय जांच की जाएगी। समिति को तीन दिन में रिपोर्ट देने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि जांच में दोषी पाए जाने पर शिक्षकों के खिलाफ सेवा अनुबंध को समाप्त करने सहित कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने लड़कियों को निकाला बाहर

## गुना में सड़क हादसा तीन की मौत

**गुना ।** गुना में देर रात ट्रक और कार की टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लोग घायल हो गए। यह लोग झाबुआ से गुना शादी में शामिल होने आ रहे थे। घायलों को जिला अस्पताल और निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। झाबुआ के थांदला तहसील के रहने वाला बारिया परिवार गुना के बमोरी इलाके के डुमरी में शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। कार में 12 लोग थे। इसी दौरान गुना से 5 किमी दूर टोल नाके के पास एक ट्रक से उनकी कार की टक्कर हो गई। कार पलट गई। हादसे में 3 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इनमें एक पिता-पुत्री और उनकी बुआ शामिल हैं।

## अम्पायर का फैसला नहीं मानने पर पंत, शार्दुल ठाकुर और प्रवीण आमरे को मिली सजा

**नई दिल्ली।** राजस्थान रायल्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच शुक्रवार को आइपीएल मैच बेहद नाटकीय अंदाज में खत्म हुआ। अंतिम ओवर में एक फुलटास गेंद को नोबाल नहीं दिए जाने पर दिल्ली के कप्तान रिषभ पंत अंपायर से नाराज नजर आए और उन्होंने अपने बल्लेबाजों को मैदान से बाहर आने का इशारा तक कर किया। इसके बाद सुबह आईपीएल प्रबंधन ने सख्त फैसला लिया। अम्पायर का फैसला नहीं मानने पर ऋषभ पंत पर 100 फीसदी मैच फीस का जुर्माना लगाया गया है। प्रवीण आमरे पर 100 फीसदी मैच फीस और एक मैच का बैन लगाया गया। वहीं शार्दुल ठाकुर पर भी 50 फीसदी मैच फीस का जुर्माना लगाया गया है। इन सभी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।दिल्ली को जीत के लिए आखिरी ओवर में 36 रन बनाने थे। राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने गेंदबाजी के लिए ओबेड मैककाय को गेंद सौंपी। रोवमैन पोवेल ने इस ओवर की शुरुआती तीन गेंदों पर छक्के जड़ दिए। इसके बाद तीसरी गेंद को लेकर विवाद हुआ। मैककाय की यह गेंद फुलटास थी। गेंद की ऊंचाई को लेकर पोवेल ने अंपायर से नोबाल की मांग की, लेकिन अंपायर ने नोबाल नहीं दी और थर्ड अंपायर से सलाह भी नहीं ली। इस पर पंत भड़क गए। इसके बाद पंत ने अपने दोनों बल्लेबाजों पोवेल और कुलदीप यादव को बाहर आने के लिए इशारा किया। पंत के पीछे से उनकी टीम के कई खिलाड़ी लगातार नोबाल की मांग कर रहे थे। पंत गुस्से में दिखाई दे रहे थे। बाउंड्री पर खड़े विपक्षी टीम के खिलाड़ी जोस बटलर उनके सामने गए और उन्हें समझाया।

## पाक में पढ़ने वाले इंडियन स्टूडेंट्स को देश में नहीं मिलेगी नौकरी-यूजीसी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के डिग्री कॉलेजों में पढाई करने वाले इंडियन स्टूडेंट्स को अब देश में नौकरी नहीं मिलेगी। यूजीसी और एआईसीटीई ने छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए पाकिस्तान की यात्रा न करने की सलाह दी है। नए नियमों के मुताबिक, पाकिस्तान से आए प्रवासी नागरिकों और उनके बच्चों को भारत में रोजगार मिल सकेगा, अगर उनके पास देश की नागरिकता हो।

## अब Truecaller से भी नहीं कर पाएंगे कॉल रिकॉर्ड

हाल ही में गूगल ने कहा था कि वह मई 2022 से एंड्रॉयड फोन में सभी तरह की थर्ड पार्टी कॉल रिकॉर्डिंग बंद करने वाला है। गूगल ने यह भी साफ किया था कि यदि आपके फोन में इन-बिल्ट कॉल रिकॉर्डिंग है तो आप कॉल रिकॉर्ड कर पाएंगे, लेकिन किसी थर्ड पार्टी एप्स जैसे Truecaller या कॉल रिकॉर्डर एप के जरिए कॉल रिकॉर्ड नहीं कर पाएंगे।

## सुरक्षा में बड़ी चूक से सुंजवां हमला

### ▶ सीमा पार कर कैसे पहुंच गए दहशतगर्द ▶ पीएम के दौरे को देखते हुए सभी बॉर्डर हैं सील

**जम्मू ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पल्ली में दौरे और सुंजवां आतंकी हमले ने सुरक्षा को लेकर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर में इतनी कड़ी सुरक्षा होने के बाद भी यह हमला एक बड़ी चूक माना जाएगा। बेशक आतंकी फिदायीन हमला करने में नाकाम रहे, लेकिन यह भी बात याद रखनी होगी कि सीआईएसएफ का एक एएसआई शहीद हो गया और 10 अन्य जवान घायल हैं।

### सांबा जिले के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात

यह भी अहम है कि आतंकी सीमा पार घुसपैठ करके कैसे आ गए और यहां तक पहुंच गए, जबकि सांबा जिले के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। इस हमले के बाद जम्मू, सांबा और कठुआ में रेड अलर्ट कर दिया गया है और बीएसएफ ने तीनों जिलों की सीमाओं पर हाई अलर्ट किया है।



### आतंकी हाल ही में सीमा पार से घुसपैठ करके आए

डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा, यह आतंकी हाल ही में सीमा पार से घुसपैठ करके आए हैं। हालांकि बीएसएफ के प्रवक्ता का कहना है कि हमारे पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है कि आतंकी सीमा पार से घुसपैठ करके आए हैं, फिर भी चौकसी बढ़ा दी है। आला अधिकारी खुद निजी तौर पर इन तीनों जिलों की सीमाओं पर मौजूद हैं और पल-पल की मानिटरिंग कर रहे हैं।

### चार साल पहले हुए सुंजवां हमले के आतंकी भी सीमा पार से आए थे

फरवरी 2018 में सुंजवां के सैन्य कैंप पर आतंकी हमला हुआ था। इस हमलें में जैश के चार आतंकी मारे गए थे। ये आतंकी भी सीमा पार से आए थे। ऐसे में दूसरी बार यह आतंकी सुंजवां सैन्य शिविर के पास पहुंच चुके थे। यदि अंदर घुस जाते तो ये एक बड़े फिदायीन हमले को अंजाम दे सकते थे।

### एसआईए और एनआईए ने शुरू की जांच

सुंजवां हमले की जांच एनआईए और एसआईए ने भी शुरू कर दी है। दोनों के आला अधिकारियों ने मुठभेड़ स्थल का दौरा किया और जांच के जरूर सबूत जुटाए। दोनों ने अपने अपने स्तर पर जांच के जरूरी सैंपल उठाकर लैब में भेज दिए हैं। हालांकि अभी इस हमले की जांच अधिकारिक तौर पर पुलिस के पास ही है। संभव है कि जल्द मामले की जांच एनआईए या फिर एसआईए को सौंप दी जाए।

# मलेरिया दिवस पर याद आया मच्छर

**कटनी। कोरोना क्या आया अन्य संक्रामक बीमारियों की तो मानों कोई पूछ परख ही नहीं रह गई। इसी में से एक है मलेरिया। मलेरिया पर फिल्मी डायलाग भी बन गये। कोरोना का तो टीका आया मगर अब तक एक मच्छर से फैलने वाली इस बीमारी का टीका भी नहीं है। मतलब साफ है कि मलेरिया कोरोना से भी खतरनाक है। मलेरिया बिगड़ जाए तो व्यक्ति की मौत भी संभव है। लेकिन मलेरिया होने के के बाद इसके साइडइफ्क्ट काफी ज्यादा हैं। यही हेपेटाइटस बी जैसी खतरनाक बीमारी के अलावा किडनी लीवर को पूरी तरह से खराब करने की क्षमता रखता है। मलेरिया दिवस के दिन मलेरिया की रोकथाम की खूब बातें भी होती हैं लेकिन दिन गुजरते ही मच्छर तथा मलेरिया का ही राज हो जाता है। कटनी में कई कारण हैं जो मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारी की जन्मदाता हैं।**



### खाली प्लाटों में पानी भरा

खाली प्लाटों में पानी भरा है। इससे मलेरिया का खतरा बढ़ गया है। नालियों का गंदा पानी खाली प्लाटों में भर रहा है। स्थिति यह है कि अब पानी सड़ने लगा है जिसकी सड़ांध से आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों का दुर्गंध की वजह से जीना मुहाल हुआ जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने मलेरिया से बचने के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए स्थानीय लोगों ने काफी पत्राचार किया, लेकिन अंत में उन्हें थक हारकर घर बैठना पड़ा। आज भी समस्या जस की तस बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने नालियों की सफाई और ड्रेनेज व्यवस्था को बेहतर करने की मांग की है। नगर में कई लोगों ने प्लॉट खरीदने के बाद उन्हें खाली छोड़ दिए हैं। इन प्लॉटों में से तो कई कूड़ादान तक बन गए हैं। आसपास की नालियों से बहकर आने वाला पानी इन खाली प्लॉटों में भरा है। इससे यह प्लॉट किसी तलैया की तरह नजर आने लगे हैं। इन प्लाटों से वैसे तो पिछले कई वर्षों से आसपास के नागरिक परेशानी भुगत रहे हैं, लेकिन अब उनकी समस्या, दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। नालियों का पानी अब सड़ांध मारने लगा है तो वहीं अब मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि मकानों में सीलन बैठ रही है उनकी नींव कमजोर होती जा रही है।

### नालियों में जमा गंदे पानी में पनप रहे मच्छर

नालियों में जमा हो रहे गंदे पानी में भारी तादात में पनप रहे मलेरिया के नगर में सड़कों पर कीचड़ भरने व गंदा पानी जमा होने से लोगों में बीमारियां भी बढ़ रही है। मलेरिया के कारण लोगों बीमार रहे है। क्योंकि मोहल्लों की सड़कों पर भरे गंदे पानी में मलेरिया के मच्छर पनप रहे है जो लोगों को बीमार करने में लगे हुए है। इसके बाद भी न तो नगरनिगम सफाई करा रहा है और न ही क्षेत्र में दवा छिड़काव कराया जा रहा है। इसके अलावा सड़कों पर बनी इन नालियों की सफाई भी नपा नहीं करा सकी है। पानी निकासी के लिए नाले के कोई इंतजाम नहीं है और पानी सड़कों व नालियों में ही भरा रहता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गंदगी के कारण यहां जीना मुश्किल हो रहा है। नगर प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी डॉक्टरों ने मलेरिया के दिखने पर जांच करवाए जाने के लिए कहा है। शहर के विभिन्नाा स्थानों खाली प्लॉटों पर पानी भरा है। इससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने मलेरिया से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की है। मलेरिया एक वाहक जनित रोग है, जो कि संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर द्वारा फैलता है। मलेरिया से पीड़ित व्यक्ति को ठंड लगकर बुखार आना, उल्टी, सिरदर्द आदि परेशानी होती है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस तरह के लक्षण नजर आते हैं तो वे तत्काल अपने ब्लड की जांच कराएं और चिकित्सकों की सलाह अनुसार संपूर्ण दवा का सेवन करें। जिला मलेरिया अधिकारी शालिनी नामदेव ने बताया कि मलेरिया बीमारी से लोगों का बचाव हो सके। इसको लेकर जिले में विभाग द्वारा इस तरह की सलाह लगातार कर्मचारियों द्वारा विभिन्नाा माध्यमों से दी जा रही है। उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस के रूप में मनाया जाता है और इसका उद्देश्य मलेरिया के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना है। भारत सरकार ने 2030 तक मलेरिया उन्मूलन का लक्ष ?य रखा है। उन्होंने बताया कि पिछले छह वर्ष में जिले में मलेरिया के मामलों में काफी कमी आई है।

वर्तमान में विकास खंड स्तर पर लगाए गए स्वास्थ्य मेलों में भी विभाग द्वारा मलेरिया से बचाव को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है। आगामी सप्ताह में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्रों ग्रामीण इलाकों में आशा, सीएचओ, एमपीडब्लू, एएनएम द्वारा मलेरिया के प्रति जन जागरूकता व जांच की जाएगी।

### मलेरिया होने पर यह करें

कोई भी बुखार आने पर खून की जांच आवश्यक कराएं व मलेरिया पॉजिटिव आने पर मलेरिया के प्रकार के अनुसार सम्पूर्ण दवा का सेवन करें। मलेरिया की जांच जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उपस्वास्थ्य केंद्र व आशा द्वारा निश्शुल्क की जाती है व इसका उपचार भी निशुल्क किया जाता है।

### मच्छरदानी का करें उपयोग

मच्छरदानी का उपयोग वर्ष भर करें। पूरी बाहों के कपड़े पहने, घरों में खिड़की, दरवाजों पर मच्छर जाली लगाएं, शाम को नीम का धुंआ करें। मच्छर जनित परिस्थितियों को उत्पन्नाा न होने दे, घर के आस-पास सफाई रखें, जल जमाव की स्थिति में जल की निकासी बनाएं व जले हुए तेल को जल भराव वाले स्थानों पर डालें।

# भाजपा का मीडिया माइक्रो मैनेजमेंट पर बड़ा प्लान, शुरू होगा प्रशिक्षण

**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग शुरू करने जा रही है। इस प्रशिक्षण वर्ग में मीडिया और सोशल मीडिया विभाग के लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा इस बावद कटनी में कल जिला कार्यलय में प्रशिक्षण कार्यशाला अयोजित की जा रही है। कार्यशाला में जिले की सोशल मीडिया और मीडिया के लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा फिर यह प्रशिक्षित भाजपा नेता मंडल स्तर पर मीडिया और सोशल मीडिया के लोगों को प्रशिक्षित करेंगे। सूत्रों के अनुसार प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया का चुनाव के दौरान बेहतर उपयोग करने पर विमर्श होगा। केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की कार्य योजना तय होगी।

### विपक्ष की साजिशों को मीडिया के जरिए करेंगे बेनकाब

सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग को पहुंचाने में मीडिया के उपयोग पर बल दिया जाएगा। साथ ही विपक्ष द्वारा किए जा रहे दुष्प्रचार का जवाब देने और जनता को सच्चाई बताने की रणनीति व गुर सिखाए जाने का कार्य किया जाएगा। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य संगठन में मंडल स्तर पर पार्टी के मीडिया विभाग की कार्य क्षमता एवं दक्षता को बेहतर बनाते हुए विधानसभा चुनाव में विपक्षी साजिशों को मीडिया के माध्यम से बेनकाब करना होगा। कार्यशाला में बूथ अध्यक्ष, बूथ महामंत्री एवं बी. एल. ए. त्रिदेव के प्रशिक्षण का कार्यक्रम भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा तय हुआ है जो कि आगामी 30 अप्रैल 2022 को प्रत्येक मंडलों में संपन्न कराना है। ततसंबंध में कल रविवार, 24 अप्रैल को आवश्यक जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस त्रिदेव प्रशिक्षण कार्यशाला में बूथों के नियुक्त त्रिदेवों का सत्यापन एवं पंजीयन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। इस हेतु प्रदेश संगठन द्वारा प्रशिक्षक भी नियुक्त किए गए हैं जो कि कल के प्रशिक्षण कार्यक्रम (कार्यशाला) में सम्मिलित होंगे।

# लोडर ने बच्ची को कुचला, मौत

**कटनी।** एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम सिंघनपुरी में एक लोडर वाहन ने 9 साल की बच्ची को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद ग्रामीणों व परिजनों में खासा आक्रोश रहा। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम करते हुए मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार पानी पाउच फैक्ट्री सिघनपुरी स्थित महक इंटरप्राइजेज फैक्ट्री जाते समय तेज गति से भागते हुए लोडर वाहन क्रमांक एम.पी.20जीए-2760 के चालक ने 9 साल की बच्ची सृष्टि पिता चंद्रभान विश्वकर्मा को कुचल दिया। बताया जाता है कि हादसे के बाद सृष्टि की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए आरोपी लोडर चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# कार का कांच तोड़कर लैपटाप ले गए चोर

**कटनी।** माधवनगर क्षेत्र के कटाएघाट मोड़ में खड़ी एक कार का कांच तोड़कर बदमाश अंदर से लैपटाप सहित एक लैडीज पर्स लेकर फरार हो गया है। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना अंतर्गत समदड़िया कॉलोनी निवासी हर्ष कपूर की कार कटाएघाट मोड़ के पास खड़ी थी। इसी दौरान किसी चोर ने कार का कांच तोड़कर कार के अंदर रखा लैपटाप, चार्जर और लेडीज पर्स लेकर चंपत हो गया। चोरी की शिकायत हर्ष कपूर ने माधवनगर थाने में की है। पुलिस ने चोरी की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफएफआईआर दर्ज कर ली है।

# वसुन्धरा के संरक्षण की शपथ ली गर्ल्स कालेज की छात्राओं नें

## वसुंधरा दिवस पर इको क्लब एवं एनसीसी का जागरूकता कार्यक्रम




**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय के इको क्लब एवं एनसीसी के द्वारा प्राचार्य डॉ आर के गुप्ता के मार्गदर्शन में विश्व वसुंधरा दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य ने वसुन्धरा के संरक्षण की शपथ दिलाई एवं पृथ्वी संरक्षण हेतु रिड्यूजएरियुज एवं रिसाइकल की प्रक्रिया अपनाने पर जोर दिया। इको क्लब प्रभारी डॉ प्रज्ञा अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम की थीम इन्वेस्ट इन अवर प्लेनेट है, जिसके तहत हम छात्राओं को वसुंधरा संरक्षण हेतु जागरूक एवं सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित कर रहें हैं। कार्यक्रम की प्रेरणा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्को भोपाल द्वारा मिली। इस अवसर पर हम सब की धरती मां का श्रृंगार करने पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया, जिसमें एनसीसी प्रभारी श्रीमती नेहा चौधरी ने छात्राओं को प्रेरित किया। छात्राओं ने मां वसुंधरा की व्यथा एवं उसके समाधानों को पोस्टर, स्लोगन एवं काव्य पाठ के माध्यम से प्रस्तुत किया। पोस्टर प्रतियोगिता में पूजा दुबे, स्नेहा कुशवाहा एवं आरती यादव क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में पूजा निषाद, भारती यादव एवं सानिया पाण्डे ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। मां वसुंधरा की खूबसूरती एवं उस पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों एवं जीव जगत की व्यथा का जीवंत चित्रण काव्य पाठ के माध्यम से स्नेहा कुशवाहा, नेहा बैरागी एवं भारती यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रमों में निर्णायक की भूमिका में डॉ साधना जैन, रश्मि चतुर्वेदी एवं डॉ विमला मिंज रहीं। इको क्लब की ओर से पर्यावरण मित्र थैले प्रतिभागी छात्राओं को प्रदान किये गये, जिसका उद्देश्य प्राणियों, धरा एवं जलाशयों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से बचा सकें, साथ ही छात्राओं से अनुरोध किया गया कि इस कार्यक्रम से मिली प्रेरणा को अपने परिवार एवं समाज के साथ साझा करें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ रीना मिश्रा, श्रीमती श्वेता जायसवाल एवं आरती वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। महाविद्यालय में आनंदम के आव्हान पर इसी तरह का कार्यक्रम डॉ संजयकांत भारद्वाज, प्रियंका सोनी एवं सृष्टि श्रीवास्तव द्वारा भी आयोजित किया गया।




# महिला बाल विकास बड़वारा परियोजना अधिकारी निलंबित

### भोपाल से आया रविशंकर पांडे के निलंबन का आदेश, जबलपुर अटैच

**कटनी।** भ्रष्टाचार से लेकर अभद्रता और महिला प्रताड़ना सहित कई गंभीर विवादों में रहे महिला बाल विकास विभाग के बड़वारा परियोजना प्रभारी रविशंकर पांडे पर आखिरकार कार्रवाई हो गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक ने अनियमितताओं की बढ़ती शिकायतों के बीच पांडे को निलंबित कर दिया है। पांडे के निलंबन का आदेश शुक्रवार को सीधे भोपाल से जारी हुआ। मप्र सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 के तहत पांडे के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की गई है। संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय जबलपुर में अटैच किया गया है।



### सीएम हेल्पलाइन में मामला पहुंचने पर हरकत में आया विभाग

परियोजना प्रभारी रविशंकर पांडे की करतूतों की विभाग तक लगातार जानकारी पहुंच रही थीं लेकिन जब मामला सीएम हेल्पलाइन में पहुंचा तो विभाग हरकत में आ गया। सीएम हेल्पलाइन में चार शिकायत दर्ज होने पर पांडे से जवाब-तलब किया गया। 28 मार्च 2022 को नोटिस थमाया गया। इसके जवाब में पांडे ने 1 अप्रैल 2022 को विभाग को सफाई भेजी लेकिन संचालनालय के अधिकारी पांडे के जवाब संतुष्ट नहीं हुए। पांडे के कृत्य को परियोजना अधिकारी के पदीय कर्तव्यों के निवर्हन में अनियमितता एवं शासकीय निर्देशों की अवहेलना बताया। इसे कदाचरण की श्रेणी में माना और निलंबन की कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए।

### मुख्यालय से रहते थे गायब

अपने कामकाज के तरीके से पांडे विवादों में बने हुए थे। बताया जा रहा है कि पांडे मुख्यालय से गायब रहते थे। कर्मचारियों के साथ अभद्रता करते थे। उन पर महिला प्रताड़ना और जातिगत टिप्पणी करने के भी आरोप है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों को भी नहीं मानते थे। मनमानी से अधीनस्थ कर्मी और हितग्राही परेशान थे।

### बड़वारा परियोजना का काम होता था प्रभावित

पांडे पर वित्तीय अनियमितता के आरोप भी है। नियुक्ति प्रक्रिया में निर्धारित मापदंडों की अनदेखी और मनमर्जी की नियुक्तियों का विवाद भी गरमा चुका है। गंभीर आरोपों के घेरे में बने रहने के साथ ही पांडे के कृत्य से विभागीय कामकाज भी प्रभावित हो रहा था। इसे भी पांडे को निलंबित करने का बड़ा कारण माना जा रहा हैं।

# साथी हाथ बढ़ाने की तर्ज पर बंजर वन भूमि में लहराई हरियाली

**कटनी।** जन सहभागिता से मध्य प्रदेश के कटनी जिले की पहाड़ी का जंगल फिर जी उठा है. यहां ग्रामीणों ने सामुदायिक सेवा करते हुए संयुक्त वन प्रबंधन की अनूठी मिसाल पेश की है. समाज की लापरवाही और मनुष्य द्वारा लगातार जंगल काटे जाने की वजह से कुछ साल पहले तक कटनी जिले के मझगंवा की पहाड़ी गिने-चुने पेड़ों के तनों के ठूंठ और जंगली झाड़ियों तक सिमट गई थी, लेकिन आज वहां अलग-अलग प्रजाति के हजारों पेड़-पौधे लहलहा रहे हैं. अब यह पहाड़ी ग्रामीणों की जनसहभागिता और संयुक्त वन प्रबंधन से बिगड़े वनों के सुधार की मिसाल बन गई है. करीब 652 हेक्टेयर क्षेत्र के इस बिगड़े वन को वन समिति की सहभागिता और सक्रियता से नया जीवन मिला है. पेड़-पौधों से उजाड़ और वीरान हो चुकी कटनी जिले की मझगंवा इलाके की इस पहाड़ी में अब जंगल जी उठा है. दरअसल, कटनी शहर के नजदीक होने के कारण अत्यधिक जैविक दबाव, जलाऊ लकड़ी की आपूर्ति एवं आस-पास के ग्रामीण इलाकों के करीब 4 हजार से अधिक पालतू पशुओं की चराई भी इसी वन क्षेत्र पर निर्भर थी. जिससे मझगंवा का पूरा जंगल बिगड़े वन क्षेत्र में परिवर्तित हो गया था. मझगवां बीट के आरएफ-107-108 से मझगवां, बंजारी, पौड़ी, छैगरा, बिजौरी, उमड़ार गांव से लगा वन विभाग का 652 हेक्टेयर रिजर्व फारेस्ट है. मझगवां वन समिति के अध्यक्ष संतराम कुशवाहा के मुताबिक कुछ साल पहले जंगल नष्ट होने की स्थिति में पहुंच गया था. वन विभाग ने इस क्षेत्र में वन सुधार के तहत काम करना शुरू किया और उसमें वन समिति के सदस्यों की मदद ली गई. 11 सदस्यीय वन ग्राम समिति ने वन विभाग के साथ पौधे रोपने के साथ ही उनके वृक्ष बनने तक और पुराने पेड़ों को सुरक्षित रखने की कवायद शुरू की. उसका नतीजा यह है कि 652 हेक्टेयर शहर से लगा यह वन क्षेत्र जहां आमजनों को आकर्षित करता है, तो वहीं जंगल में वन्य प्राणियों को भी सुरक्षित स्थान मिल रहा है. यहां पर वन विभाग ने वन्य प्राणियों को पानी पीने के लिए समाजसेवी संस्था के माध्यम से पौंसरा की व्यवस्था की है. जंगल में राष्ट्रीय पक्षी मोर, चीतल, सांभर, जंगली सुअर, नीलगाय सहित अन्य वन्य प्राणी निर्भय होकर विचरण करते हैं, जो यहां से गुजरने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र होते हैं.वन वन समिति के सदस्यों ने न केवल पेड़ों की देखरेख की बल्कि कटाई करने वालों को जंगल और पेड़ों का महत्व बताकर लोगों को जागरूक करने का भी काम किया. विश्वकर्मा कहते हैं कि सही मायनों में ग्रामीण ही इस पहाड़ी के पेड़-पौधों के सबसे बड़े रखवाले हैं. इनकी जिद और जुनून ने ही पहाड़ी को हरा-भरा कर दिया है.


वन में मौजूद तालाब

# आशीष गुप्ता बने रेल्वे सलाहकार समिति के सदस्य

**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला महामंत्री आशीष गुप्ता को रेल्वे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा की सहमति से यह नियुक्ति की गई है। आशीष गुप्ता को उनके अनुभव एवं सक्रियता के आधार पर ये जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति पर भाजपा जनों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि रेल्वे उपयोगकर्ता सलाहकार समिति रेल सुविधाओं के मामले में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। सदस्यों के सुझाव के आधार पर रेल बोर्ड यात्री सुविधाओं के मामले में निर्णय लेता है। श्री गुप्ता के सदस्य बनने से कटनी से जुड़ी सुविधाओं की आवाज रेल बोर्ड के अधिकारियों तक पहुंच सकेगी।



सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 22 से
11.30, 3, 6.30 एवं रात्रि 9.45 बजे से





JERSY (हिंदी में)
कलाकार- शाहिद कपूर, मृनाल ठाकुर, पंकज कपूर, शिशिर शर्मा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 22 से
12.30, 3.45, 7, एवं रात्रि 10.15 बजे से




KGF CHAPTER–2 (हिंदी में)
कलाकार- यश, संजय दत्त, सुनिधि शेट्टी, प्रकाश राज आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 14 से
11.45, 3 एवं 6.15 बजे से
KGF CHAPTER-2
(हिन्दी में)
कलाकार- यश, संजय दत्त, सुनिधि शेट्टी, प्रकाश राज आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो. 7240871207

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

## 5 लाख का वाटर कूलर खराब पानी के लिए परेशान हो रहे लोग

यश भारत पड़ताल

**कटनी।** शहर में व्याप्त पेयजल संकट से निपटने नगर निगम प्रशासन के उदासीन रवैए का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि नगर निगम कार्यालय में कुछ साल पहले 5 लाख रूपए की लागत से खरीदे गए वाटर कूलर के खराब होने के बाद उसे सुधरवाने की तरफ आज तक ध्यान नहीं दिया गया, जिसके चलते पूरे शहर को पेयजलापूर्ति करने वाले नगर निगम कार्यालय में ही पीने के पानी का इंतजाम नहीं है, जिसकी वजह से यहां काम करने वाले कर्मचारियों के साथ ही विभिन्न कामों को लेकर आने वाले लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जब नगर निगम कार्यालय के ये हाल हैं तो शहर के क्या होंगे, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।



नगर निगम कार्यालय के प्रथम तल पर रखा वाटर कूलर, जो कि काफी समय से खराब है।

### शहर में पेयजल आपूर्ति करने वाले नगर निगम कार्यालय में नहीं है पीने के पानी का इंतजाम

बताया जाता है कि कुछ साल पहले 5 लाख रूपए की लागत से एक वाटर कूलर खरीदकर लगाया गया था, जिसमे से कुछ दिन तक तो ठंडा पानी मिलता रहा लेकिन इसके बाद यह खराब हो गया। वाटर कूलर खराब होने के बाद आज तक नगर निगम प्रशासन ने इसे सुधरवाने की तरफ ध्यान नहीं दिया। अब जब गर्मी अपने पूरे शबाव पर है और पारा 43-44 डिग्री के आसपास पहुंच गया है, ऐसे में नगर निगम कार्यालय में पीने के पानी का कोई इंतजाम नहीं होना निगम प्रशासन कार्यप्रणाली पर भी प्रश्न चिन्ह लगा रहा है। बताया जाता है कि नगर निगम में अपने विभिन्न कामों को लेकर आने वाले पीने के लिए पानी के लिए परेशान होते देखे जा सकते हैं। पूरे शहर में पेयजल आपूर्ति करने वाले नगर निगम कार्यालय में ही पानी का इंतजाम नहीं है। जिसके चलते कर्मचारी भी परेशान है। इस संबंध में जब नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे को फोन लगाया गया तो उनका फोन नहीं उठा।



नगर निगम की छत पर लगा फिल्टर प्लांट, जो कि शो पीस बना हुआ है।

#### कलेक्टर पहुंचे, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं गया

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि गुरूवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा आकस्मिक निरीक्षण के तहत नगर निगम कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कई विभागों का दौरा किया और यहां अपने विभिन्न कामों से आए लोगों की समस्याएं भी सुनीं और निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए, लेकिन इतने बड़े नगर निगम कार्यालय में पीने के पानी के इंतजाम की तरफ उनका ध्यान ही नहीं गया। यहां नगर निगम के प्रथम तल में वाटर कूलर रखा हुआ है, जो कि काफी समय से बिगड़ा हुआ है। इसे सुधरवाने की तरफ नगर निगम का प्रशासन का ध्यान ही नहीं है। इस संबंध में जब कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से बात की गई तो उनका कहना था कि वाटर कूलर को सुधरवाकर चालू कराया जाएगा और पीने के पानी की व्यवस्था कराई जाएगी।

#### इस बार शहर में नहीं खुले प्याऊ

नगर निगम प्रशासन द्वारा हर साल गर्मी का मौसम शुरू होते ही शहर में आधा दर्जन स्थानों पर प्याऊ संचालित किए जाते थे लेकिन इस साल नगर निगम के अधिकारी प्याऊ खोलने को लेकर उदासीन बने हुए हैं। कोतवाली थाने के पास एक प्याऊ खोलकर नगर निगम के अधिकारियों ने अपने दायित्वों की इतिश्री कर दी है। इसके अलावा शहर में कहीं भी प्याऊ नहीं दिख रहे। भीषण गर्मी के चलते लोगों का जब बुरा हाल है, तब नगर निगम द्वारा शहर में प्याऊ का संचालन नहीं किया जाना आश्चर्यजनक है।

## इधर अमीरगंज में पांच दिन से नहीं हुई वाटर सप्लाई

### एक किलोमीटर दूर हैण्डपंप से लाना पड़ रहा पानी

**कटनी।** नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने वाले अमीरगंज और इससे लगे क्षेत्रों में पिछले पांच दिनों से वाटर सप्लाई नहीं हुई है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पांच दिनों से यहां पानी नहीं आने की वजह से घरों में एक बूंद भी पानी नहीं है। यहां रहने वाले लोगों को एक किलोमीटर दूर लगे हैण्डपंप से पीने का पानी लाना पड़ रहा है। इस संबंध में जब क्षेत्र में वाटर सप्लाई करने वाले एक कर्मचारी से बात की गई तो उसका कहना था कि यह सही बात है



कि अमीरगंज क्षेत्र में पांच दिनों से जल आपूर्ति नहीं हुई है, उससे जब इसका कारण पूछा गया तो उसने कहा कि कटाएघाट एनीकट में अब पानी नहीं बचा है, जिसकी वजह से पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है। अमीरगंज के पास स्थित पीएम आवास कॉलोनी में रहने वाले वाशिंदे पिछले करीब एक महीने से पानी और बिजली की समस्या से खासे परेशान है। यहां सुबह से लेकर शाम तक और रात में कईयों बार बिजली गुल रहती है। लोगों ने बताया कि कई-कईयों बार पूरी रात बिजली के दर्शन नहीं होते। गर्मी के मौसम में जब बिना पंखे एक मिनट भी नहीं रहा जा सकता, तब पूरी रात यहां के लोग कैसे काटते होंगे, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। क्षेत्र के निवासी राजेश सोनी ने बताया कि बिजली आने के बाद पूरे क्षेत्र में लो वोल्टेज बना रहता है। इससे न तो पंखे चालू होते हैं और न ही अन्य बिजली उपकरण। आलम यह है कि बिजली और पानी के बिना यहां गुजारा करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे का ध्यान इस ओर दिलाते हुए पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से करवाने की मांग की है।

अक्षय तृतीया

## 50 साल बाद बन रहा ग्रहों का अद्भुत संयोग

### विवाह के साथ ही अन्य शुभ कार्यों की कर सकते हैं शुरुआत, मंगल रोहिणी नक्षत्र के कारण मिलेगा लाभ



**कटनी। इस बार अक्षय तृतीया पर जमकर शहनाई बजेगी। 3 मई को इस बार अक्षय तृतीया पर ग्रहों का अद्भुत संयोग बन रहा है। जिसके चलते शहर में इस बार बड़ी तादात में विवाह समारोह आयोजित किए गए हैं। लगभग सभी मैरिज गार्डन और बारातघर बुक हो गए हैं। ऐसा माना जाता है कि अक्षय तृतीया के दिन विवाह सहित अन्य शुभ कार्यों के लिए बूज मूहूर्त होता है, इस दिन बिना मुहूर्त के भी शुभ कार्य किए जा सकते हैं। इस दिन गुड्डे-गुड़िया का भी विवाह रचाया जाता है।**

**सभी मैरिज गार्डन और बारात घर बुक**

हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया पर्व का विशेष महत्व है और हर साल वैशाख महीने की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया पर्व मनाया जाता है। कई स्थानों को इसे आखा तीज भी कहा जाता है। इस साल अक्षय तृतीया मंगलवार 3 मई को मनाई जाएगी। इस साल पर अक्षय तृतीया बूज मुहूर्त है तो इस दिन बिना मुहूर्त देखे कोई भी शुभ कार्य कर सकते हैं, इसके अलावा अक्षय तृतीया मंगल रोहिणी नक्षत्र के शोभन योग में है, जो तैतिल करण और वृषभ राशि के चंद्रमा के साथ आ रहा है। इस साल अक्षय तृतीया पर्व पर रोहिणी नक्षत्र के कारण मंगल रोहिणी योग बन रहा है। इस दिन शोभन योग अक्षय तृतीया को शुभ बना रहा है, वहीं 50 वर्ष बाद ग्रहों के विशेष योग से भी अद्भुत संयोग बन रहा है। 30 साल बाद अक्षय तृतीया पर बनने वाला शुभ योग भी इस दिन का महत्व बढ़ा रहा है। 50 वर्षों के बाद ऐसा संयोग बनेगा जब दो ग्रह उच्च राशि में और दो प्रमुख ग्रह स्वराशि में स्थित होंगे। इसके अलावा अक्षय तृतीया पर इन ग्रहों की युति से बने अद्भुत योग में दान करना बहुत पुण्य का काम होगा। इस दिन 4 ग्रहों की अनुकूल स्थिति में होना अक्षय तृतीया को और भी खास बनाता है। इस दिन कोई भी शुभ कार्य करना शुभ फल देगा। शुभ कार्यों के लिए मुहूर्त देखने की जरूरत नहीं है।

#### क्या है अक्षय तृतीया पर्व का धार्मिक महत्व

परशुराम जयंती भी अक्षय तृतीया को मनाई जाती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया को भगवान विष्णु ने परशुराम का अवतार लिया था। अक्षय तृतीया को बहुत शुभ दिन माना जाता है और इस दिन विवाह और सगाई के अलावा भवन, वाहन, कपड़े, आभूषण आदि खरीदना भी शुभ होता है। अक्षय तृतीया पर दान करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है और पुण्य लाभ की भी प्राप्ति होती है।

## पहाड़ी में पंच कल्याणक महोत्सव 8 मई से

**कटनी।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पहाड़ी निवार में 1008 श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में नवनिर्मित तीन वेदियों के नवीन बिम्बों का पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा उत्सव आगामी 8 मई से 13 मई तक आयोजित किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस कार्यक्रम के आयोजन में परमपूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्या सागर जी महाराज का आशीर्वाद एवं मुनि श्री निर्णयसागर जी महाराज एवं मुनि श्री सुव्रतसागर जी महाराज का सानिध्य तथा ब्रम्हाचारी संजय भैया मुरैना का प्रतिष्ठा हेतु निर्देशन रहेगा। कार्यक्रम की शुरूआत कल 24 अप्रैल को संत भवन पहाड़ी में पात्र चयन के साथ होगी।



## पंछी दिवस कार्यक्रम में भाव्या फर्स्ट

**कटनी।** पंछी दिवस के अवसर पर माधवनगर स्थित कुंदनदास विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमे कुमारी भाव्या देवनानी को फर्स्ट विनर का पुरस्कार मिला। इस कार्यक्रम में सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें पंछियो को कैसे गर्मियों के मौसम में दाना, पानी, दिया जाता है एवं उनके रहने के घोंसलों के बारे जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में कुमारी भाव्या देवनानी को फर्स्ट विनर के लिए चुना। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के लिये बहुत ही अच्छा सन्देश दिया गया।

## सालों से कुण्डली मारकर जमे अफसरों पर गिरेगी तबादले की गाज

### तबादलों से प्रतिबंध हटते ही जारी होगी सूची, कभी भी जारी हो सकते आदेश

**कटनी। राज्य सरकार द्वारा तबादलों से प्रतिबंध हटाने का फैसला लिए जाने के बाद कटनी जिले में भी कई अफसरों पर तबादले की गाज गिरना तय माना जा रहा है। इनमे से कुछ ऐसे हैं, जो जिले में अपना निर्धारित तीन साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं और इसके बाद भी कुण्डली मारकर जमे हुए हैं। इसके अलावा कई अधिकारी-कर्मचारी ऐसे हैं, जिनकी गंभीर शिकायतें हैं। ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले होना तय माना जा रहा है।**

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा हर साल मई जून के महीने में तबादले किए जाते है। इसके अलावा तबादला नीति भी बनाई जाती है। पिछले दो सालों से कोरोना संक्रमण के चलते अफसरों की पोस्टिंग नहीं हो पा रही है। जिसके चलते कटनी सहित कई जिले ऐसे हैं, जहां अधिकारी अपना कोटे का तीन साल पूरा कर चुके थे। अब ऐसे अधिकारियों पर तबादले की गाज गिरना तय माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक प्रदेश में अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादलों पर लगे प्रतिबंध को हटाने की पूरी तैयारी कर ली गई है। सूत्रों के मुताबिक मई में यह प्रतिबंध हटाया जा सकता है। राज्य सरकार ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया है। इसमें प्रभारी मंत्रियों को जिले के भीतर तबादले करने का अधिकार दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मंत्रियों ने तबादलों से प्रतिबंध हटाने की बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने रखी थी। सीमित संख्या में तबादले करने पर सहमति भी बन गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने एक माह के लिए तबादलों से प्रतिबंध हटाने का प्रस्ताव तैयार किया है। प्रथम व द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों के तबादले राज्य और तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के जिला स्तर से होंगे। स्वास्थ्य संबंधी समस्या के प्रकरण और पति-पत्नी अलग-अलग जिले में पदस्थ हैं तो आवेदन करने पर उन्हें प्राथमिकता मिलेगी। प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय कैबिनेट की बैठक में होगा।





#### कई विभाग प्रमुख राडार पर

## पटवारी संघ के चुनाव को लेकर गहमागहमी

### जिलाध्यक्ष पद के लिए तीन पटवारी आजमा रहे किस्मत, शाम तक आएंगे नतीजे

**कटनी।** मध्य प्रदेश पटवारी संघ भोपाल के निर्देशानुसार कटनी जिलाध्यक्ष पद के लिए आज काफी गहमागहमी के बीच चुनाव कराए गए। जिलाध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे है। जिसमे निवर्तमान जिलाध्यक्ष दादूराम पटेल, अनुज कुमार दाहिया एवं राघवेंद्र सिंह राजपूत शामिल है। बताया जाता है कि जिलाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए पिछले एक महीने से निर्वाचन प्रक्रियाकराई जा रही थी। आज 23 अप्रैल को मतदान की तारीख तय की गई है। पटवारी संघ के चुनाव में कुल 281 पटवारियों द्वारा मतदान किया जाना है।



जानकारी के मुताबिक आज सुबह साढ़े 8 बजे से वोटिंग की प्रक्रिया शुरू हुई। दोपहर 1 बजे तक मतदान कराया जाएगा और दोपहर 2 बजे से मतों की गिनती की जाएगी। इसके उपरांत परिणामों की घोषणा की जाएगी। जिलाध्यक्ष पद के चुनाव प्रान्त से आये निर्वाचन अधिकारी शशि भूषण मिश्रा, सहायक निर्वाचन अधिकारी अजीत कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में कराया जा रहा है। जिलाध्यक्ष पद के लिए हो रहे चुनाव के दौरान बड़ी संख्या में पटवारियों की उपस्थिति रही।


#### किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाय 50 हॉल- ऑफिस, बैंक,
गोदाम एवं कार्यालय के लिए
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने,जबलपुर रोड बरगवां,
कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

**क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड**
**एच.आई.जी.-4 हाउसिंग बोर्ड कालोनी विश्राम बाबा कटनी**

दूरभाष क्रमांक 07622-404427 ई मेल- romppcbkatni@rediffmail.com

भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्र. एस.ओ. 1533 (E) दिनांक 14.09.2006 यथा संशोधित दि. 01.12.2009 एवं विभागीय परिपत्र दि. 12.12.2018 प्रावधानों के अनुसार सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि ग्राम बड़ागांव तह. बड़वारा, जिला-कटनी में निम्नानुसार डोलोमाईट एण्ड क्वार्टज खदान खनन परियोजना की लोक सुनवाई प्रस्तावित है।

**Environmental Clearance for M/s Balaji Marble & Tiles Pvt. Ltd. Dolomite & Quartz Mine in an area of Mine 4.0 ha. (Production Capacity - 3,01,999.40 MTPA ( Khasra No. 135,136 ) . Located in Vill- Badgaon Tehsil Badwara, Distt. Katni (M.P.)**

उक्त खदान प्रबंधक द्वारा **State Level Expert Appraisal Committee, Bhopal** से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने की प्रक्रिया में मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल के समक्ष लोक सुनवाई हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा उक्त परियोजना की इन्वारमेन्टल इम्पेक्ट असेसमेंट स्टडी रिपोर्ट, उसका कार्यपालक सार (हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में) तथा उक्त दस्तावेजों की डिजिटल प्रतिकृति काम्पेक्ट डिस्क (सी.डी.) में प्रस्तुत की है, जो जन-सामान्य के अवलोकनार्थ सरपंच ग्राम पंचायत बड़ागांव, तह. बड़वारा, कलेक्टर कार्यालय कटनी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कार्यालय कटनी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बड़वारा, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कटनी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बड़वारा जिला कटनी, क्षेत्रीय निर्देशक क्षेत्रीय कार्या. पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल तथा क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी सहित म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइट **www.mppcb.nic.in** पर भी उपलब्ध रहेगी एवं इच्छुक नागरिक इसका अवलोकन कर सकते हैं। अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त खनन परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव विचार टीका-टिप्पणी अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो यह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, एच.आई.जी.4 हाउसिंग बोर्ड कालोनी विश्राग बाबा कटनी (म.प्र.) में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त खनन परियोजना के संबंध में **दिनांक 25.05.2022 दिन बुधवार** समय प्रातः 10.30 बजे से अपर कलेक्टर कटनी की अध्यक्षता में ग्राम बड़ागांव माइन्स स्थल तह. बड़वारा जिला कटनी में किया जायेगा। इच्छुक नागरिक उपरोक्तानुसार लोक सुनवाई में सम्मिलित होकर परियोजना के संबंध में सुझाव, विचार, टीका-टिप्पणी अथवा आपत्ति लिखित/मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं।

**क्षेत्रीय अधिकारी**
**म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कटनी**
**नदियों का संरक्षण होगा, वृक्ष लगाओ-वृक्ष बचाओ**

**एम जी एम हॉस्पिटल, कटनी में**
**नि:शुल्क BMD शिविर**
**शनिवार, 7 मई 2022**
**समय - सुबह 10:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक**
**डॉ. पंकज गुप्ता**
एम.बी.बी.एस., एम. एस.
विशेषज्ञ चिकित्सक
वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन


चुस्त दुरूस्त जीवन के लिए आवश्यक है मजबूत हड्डियां। यदि निम्नलिखित समस्या है तो हड्डियों की कमजोरी से ग्रसित हो सकते हैं -
1. उम्र 40 से ज्यादा है ?
2. थोड़ी सी चोट लगने पर हड्डियां टूट जाती हैं ?
3. बच्चेदानी का ऑपरेशन हो चुका है ?
4. वजन ज्यादा है ?
5. मौसम के अनुसार आपकी हड्डियों में दर्द होता है ?
6. कसरत करने का वक्त नहीं मिलता है ?
7. धूम्रपान व शराब का ज्यादा सेवन करते हैं ?
8. श्वास (अस्थमा) संबंधित डायबिटीज संबंधित दवाईयां लेते हैं ?
9. थायराइड की परेशानी है ?
10. कमर में बहुत दर्द होता है ?
11. लकवा की शिकायत है ?
12. कोविड-19 (कोरोना) बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं ?

सामान्य तौर पर इस जांच के 3000 रूपये से 5000 रूपये तक लगते हैं जो कि इस दिन आपके लिए नि:शुल्क है।
नि:शुल्क अस्थि जांच हेतु अपना रजिस्ट्रेशन आज ही करायें।

अगर पूछे गये किसी भी सवाल का जबाव हां है तो आपको आस्टियो पोरोसिस नामक बीमारी का खतरा हो सकता है। आस्टियो पोरोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें हड्डियां बहुत कमजोर व नरम हो जाती है। नतीजन हल्की सी फिसलन या गिरने पड़ने वाले हल्के से दबाव से बुढ़ापे में हड्डियां जल्दी फ्रेक्चर हो जाती है। 40 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोग खासतौर से राजोनिवृत (Menopausal) महिलाएं ऑस्टियोपोरोसिस की जांच साल में एक बार जरूर करायें।

रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
mgm HOSPITAL
**एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर**
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन - 07622-405070, 405071

**From 14th April 2022**
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL







| Audi 1 | Show | Audi 2 | Show | Audi 3 | Show |
|---|---|---|---|---|---|
| KGF Hindi 2D | 8.15 AM | KGF Hindi 2D | 9:00 AM | KGF Hindi 2D | 9:15 AM |
| KGF Hindi 2D | 11:30 AM | KGF Hindi 2D | 12:15 PM | KGF Hindi 2D | 12:45 PM |
| KGF Hindi 2D | 3:00 PM | KGF Hindi 2D | 3:30 PM | KGF Hindi 2D | 4:00 PM |
| KGF Hindi 2D | 6:30 PM | KGF Hindi 2D | 6:45 PM | KGF Hindi 2D | 7:15 PM |
| KGF Hindi 2D | 09:45 PM | KGF Hindi 2D | 10:00 PM | KGF Hindi 2D | 10:30 PM |

Paytm
bookmyshow

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

# मेंटेनेंस के बाद भी सड़क के हाल बेहाल

## जहां ठीक थी वहीं चढ़ा दिया डामर का लेप, जस के तस रह गए गड्ढे,कटनी से बरही-पनपथा-जनकपुर मार्ग का मामला

बरही। कटनी से बरही और बरही से पनपथा जनकपुर मार्ग की जर्जर सड़क का मेंटेनेंस का ठेका हुआ। ठेकेदार ने वहीं-वहीं मेंटेनेंस का लेप चढ़ाया। जहां भी सड़क की हालत ठीक थी, खस्ताहाल, जर्जर, गड्ढों में तब्दील हो चुके मार्ग को जस का तस छोड़ दिया गया। जिसे देखकर मार्ग का उपयोग कर रहे वाहन सवारों का आरोप है कि एमपीआरडीसी शहडोल डिवीजन का यह कैसा मेंटेनेंस का ठेका है कि ठेकेदार ने वही लेप चढ़ाया जहां-जहां सड़क ठीक थी और जर्जर सड़क को उसी हालत में छोड़ दिया गयाए जबकि मेंटेनेंस जर्जर सड़क का होना था। मेन्टेनसे के नाम पर ठेकेदार में एमपीआरडीसी के अधिकारियों से सांठ-गांठ कर अधिक माल कमाने का लेप सड़क में लगा दिया। जिससे आज भी बरही-कटनी मार्ग का 70 फीसदी सड़क जर्जर अवस्था मे है।



### टोल नाका पर वसूली करने वाले ठेकेदार को मिला है ठेका

कटनी-बरही, बरही-पनपथा जनकपुर मार्ग की जर्जर सड़क का मरम्मत का ठेका बरही.मैहर मार्ग में टोल नाका की वसूली करने वाले बुढार के ठेकेदार सिंघानिया की तिरुपति बिल्डकॉन को जर्जर सड़क की मरमम्त का ठेका एमपीआरडीसी शहडोल डिवीजन से मिला है लेकिन ठेकेदार ने 1.1 किलोमीटर की सड़क मरमम्त के नाम पर वही डामर का लेप चढ़ाया हैए जहां-जहां सड़क सही स्थिति में थीए जहां मरम्मत की महती जरूरत थी। उन स्थानों को चिन्हित कर छोड़ दिया गया है। जर्जरए खस्ताहाल व गड्ढो में तब्दील हो चुकी सड़क में ठेकेदार को पैचिंग वर्क करने के बाद डामर का लेप चढ़ाना पड़ताए इसलिए ठेकेदार ने अधिक माल कमाने के चक्कर मे सामान्य स्थिति वाले स्थल का चयन कर डामर का लेप लगाकर मेंटेनेंस की खानापूर्ति कर दी गई। मझगवां से बरही 40 किलोमीटर की इस सड़क में ग्राम अमाड़ी, बसाडी, सुड्डी, महानदी पुल से लेकर परसवाड़ा मोड़, पिपरियाकला, बगैहा मोड़, झिरिया नर्सरी, बुजबुजा से बरही थाना तक की सड़क पूरी तरह से जर्जर है, सड़क में कई स्थानों में जानलेवा गड्ढे है, लेकिन इन स्थानों पर जहां सबसे ज्यादा मरम्मत की जरूरत थी, उसे ठेकेदार ने छोड़ दिया और सामान्य स्थिति वाले स्थल में मेंटेनेंस रूपी भ्रष्ट्राचार का लेप चढ़ाने की खानापूर्ति कर दी गई।

### एमपीआरडीसी ने नही किया क्लियर तो जर्जर स्थल को छोड़ा

सड़क मरम्मत का ठेका लेने वाली तिरुपति बिल्डकॉन के इंजीनियर का कहना था कि मझगवां से चिल्हारी तक करीब 38 किलोमीटर सड़क का मरम्मत किया गया है, जर्जर व गड्ढों में तब्दील हो चुके स्थल पर पेंच वर्क कर सड़क बनाना पड़ताए जिसके लिए एमपीआरडीसी क्लियर नही कर रही थी। जिसके कारण उसे उसी स्थिति में छोड़ा गया हैए वही इस बारे में एमपीआरडीसी शहडोल डिवीजन के डीएम श्री स्वर्णकार से बात हुई तो उन्होंने कहा कि अब हमारा ट्रांसफर हो चुका है। नए अधिकारी जानकारी दे सकते है। कुल मिलाकर सरकारी राशि मे जमकर किए गए बन्दरवाट के चकते अधिकारी भी स्पष्ट जानकारी देने से कतरा रहे है।

### इधर सड़क बनाने के बाद नही बनाया फुटपाथ

सड़क निर्माण करने के साथ ही सड़क की दोनों छोर की पट्टी में फुटपाथ बनाने का भी प्रावधान हैए लेकिन ठेकेदार ने इस मामले में भी महज खानापूर्ति के नाम पर मुरुम डाल दियाए न रोलर चलाया गया और न ही लेबल किया गयाए वही बरही नगर में ही सड़क किनारे पट्टी नही बनाई गई जिससे यहां हादसे का अंदेशा बना रहता है।



## शैल बगड़िया को समर क्वीन लेडी का खिताब

**कटनी।** लायनेस शैल बगड़िया को क्लब द्वारा आयोजित स्पर्धा में लायनेस क्लब की समर क्वीन लेडी चुना गया है। गेम में लता अग्रवाल, अनुराधा, गायत्री निगम, अनूप लांबा, किरण पोद्दार, राज अग्रवाल, सीमा लहरिया शामिल हुईं जिनमें सीमा लहरिया को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। सुमन जैन, कविता गेलानी, अकिला गुगलिया, बाबिता अग्रवाल, ज्योत्स्ना अग्रवाल, रेखा गोयनका, ने कार्यक्रम के आयोजन में अहम भूमिका निभाई। आयुषी गोयनका कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहीं।

## कृषि विभाग द्वारा 18 सदस्यीय जिला कोर ग्रुप का गठन

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय द्वारा जिले में विविधिकरण कार्ययोजना तैयार करते हुए सुदृढ़ क्षेत्रों की पहचान, जिले में मांग आधारित कृषि का चिन्हाकन, कमियों का विश्लेषण, कृषकों के लिए आवश्यक सुविधाएं और समस्त फसलों को ई-गिरदावली में शामिल करने के लिए जिला स्तरीय कोर ग्रुप गठित करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके तहत जिले में 18 सदस्यीय कोर ग्रुप का गठन किया गया है। जिला स्तरीय कोर ग्रुप में अध्यक्ष कलेक्टर प्रियंक मिश्रा रहेंगे। इसके अलावा जिला पंचायत सीईओ, वन मंडलाधिकारी, अपर कलेक्टर, उप संचालक, परियोजना संचालक आत्मा, उप संचालक उद्यानिकी विभाग, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, सहायक आयुक्त सहकारिता, प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, प्रबंधक अग्रणी बैंक, प्रबंधक कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौध, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार, जिला प्रबंधक नाबार्ड, अधीक्षक भू-अभिलेख, सहायक संचालक मत्स्य पालन, परियोजना अधिकारी एनआरएलएमए सचिव कृषि उपज मंडी और सहायक संचालक जनसंपर्क विभाग को सदस्य बनाया गया है।

### कलेक्टर होंगे ग्रुप के अध्यक्ष

## संक्षिप्त समाचार

### पशु चारे के निर्यात पर कलेक्टर ने लगाया आगामी आदेश तक प्रतिबंध

**कटनी।** जिले में आगामी माह में पशु चारा की उपलब्धता पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसके लिए तत्काल प्रभाव से जिले की सीमा के बाहर पशुचारा निर्यात पर कलेक्टर व जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा ने आगामी आदेश तक के लिए प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश में यह भी कहा गया है कि जिले में गेहूं के भूसा का उद्योगों व ईट भट्ठों में जलाने के लिए विक्रय होने से उसके दामों में अत्याधिक वृद्धि होने लगी है। जिसके चलते उद्योगों व ईट भट्ठों में भूसे के उपयोग पर भी आगामी आदेश तक कलेक्टर श्री मिश्रा ने तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। जिले में कोई भी कृषकए व्यापारी या व्यक्तिए उद्योगपतिए ईट भट्ठा मालिक गेहूं के भूसे का उपयोग ईट भट्ठों आदि में जलाने या विक्रय कलेक्टर की अनुज्ञा पत्र के बिना नहीं करेगा।

### वेतन निर्धारण के लंबित प्रकरणों के लिए शिविर 25 अप्रैल से आयोजित

**कटनी।** शासकीय कर्मचारियों के लंबित वेतन निर्धारण के लिए जिला कोषालय कटनी में 25 अप्रैल से 29 अप्रैल तक वेतन निर्धारण शिविर का आयोजन किया गया है। कोष एवं लेखा के संयुक्त संचालक ने सभी आहरण संवितरण अधिकारियों से आग्रह किया है कि वे अपने कार्यालय में लंबित वेतन निर्धारण की जांच व अनुमोदन करवा लें। शिविर में वेतन निर्धारण प्रभारी सहायक संचालक शैलेष गुप्ता और सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण अधिकारी के रूप में संदीप गोटिया, जूही अग्रवाल व कामनी मांझी मौजूद रहेंगी।

### लघु उद्योग भारती का स्थापना दिवस 25 को, तीन दिवसीय कार्यक्रम

**कटनी।** सूक्ष्म एवं लघु उद्योग में कार्यरत संगठन, लघु उद्योग भारती का स्थापना दिवस 25 अप्रैल को मनाया जाना है। लघु उद्योग भारती जिला इकाई द्वारा स्थापना दिवस को उत्साह पूर्वक मनाते हुए तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत 23 अप्रैल को सदस्यता अभियान के रूप में होगी। 24 अप्रैल को लघु उद्योग भारती के वरिष्ठ उद्यमियों का सम्मान एवं उद्यमिता विकास का आयोजन किया जाएगा। अंत में कार्यक्रम का समापन 25 अप्रैल को सेवा कार्य के रूप में होगा।

### स्वास्थ्य मेले में एसीसी ट्रस्ट ने लगाया जागरूकता स्टाल

# अति कुपोषित बच्चों को वितरित किया पोषण आहार









**कैमोर।** एसीसी डायरेक्टर प्लांट के.आर. रेड्डी के निर्देशन एवं सीएसआर प्रमुख ऐनेट एफ विश्वास के मार्गदर्शन में गत दिवस स्वास्थ्य विभाग द्वारा विजयराघवगढ़ में आयोजित स्वास्थ्य मेले में अति कुपोषित बच्चों को पोषण आहार वितरित किया गया। इस शिविर में शिशुओं एवं गर्भवती महिलाओं के भी स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच उपरांत महिला बाल विकास टीम द्वारा बच्चों का वजन लिया गया।

इस स्वास्थ्य मेला में एसीसी ट्रस्ट द्वारा स्वाथ्य परामर्श स्टॉल लगाया गया जहां पर सभी को साफ सफाई, पोषण, एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां एवं समझाइश प्रदान की गई। साथ ही स्वास्थ्य मेला में संपूर्ण विकासखंड से आए हुए अति कुपोषित बच्चों का नामांकन कर लगभग 60 से भी अधिक अति कुपोषित बच्चों को पोषण आहार प्रदान किया गया। जिसमें आवंला कैंडी, चना, दलिया, भूंजा चना, सोयाबीन बरी, मूंगफली, केला एवं सेव फल्ल सम्मलित थे। शिविर में आए हुए गर्भवती महिलाओं व अन्य बच्चों को भी फलों का वितरण किया गया। इसके साथ ही बच्चों के माता पिता को विशेष स्वास्थ्य व पोषण संबंधी समझाइश भी दी गई, साथ ही साफ सफाई से बच्चों को भोजन कराने के विषय में भी समझाया गया।

### 61 अतिकुपोषित बच्चों को लिया गोद

एसीसी ट्रस्ट, कैमोर सीमेंट वर्क्स के कुपोषण उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत महिला बाल विकास विजयराघवगढ़ द्वारा सितंबर माह 2020 में आयोजित स्नेह सरोकार कार्यक्रम के तहत परियोजना क्षेत्र के 61 अति कुपोषित बच्चों को गोद लिया गया था। जिनमें कई बच्चे सुपोषित हो चुके हैं इनके साथ ही कई नए बच्चों को गोद ले कर उन्हे निरंतर पोषण आहार की सहायता प्रदान की जा रहा हैं, साथ ही समय-समय पर पालकों से भेंट कर उन्हे समझाइश भी दी जाती है एवं निरंतर बच्चों की वृद्धि निगरानी भी की जाती हैं।

### 10 केंद्रों को मिला आईएसओ अवार्ड

अति कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने के साथ ही एसीसी ट्रस्ट अपने कुपोषण उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के साथ-साथ आंगनवाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण पर निरंतर कार्यरत हैं जिसके अंतर्गत परियोजना क्षेत्र के 10 केंद्रों का आईएसओ सर्टिफिकेशन, 8 केंद्रों का बाला गतिविधि के माध्यम से रूपांतरण, आंगनवाड़ी केंद्रों को आवश्यक सामग्री का सहयोग एवं समय-समय पर गर्भवती एवं किशोरी बालिकाओं हेतु जागरूकता गतिविधियों का आयोजन इत्यादि शामिल है। इस संपूर्ण कार्यक्रम में एसीसी ट्रस्ट की सहभागिता हेतु सिविल हॉस्पिटल के ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद एवं उनकी टीम के साथ मिलकर एसीसी ट्रस्ट द्वारा इस कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया गया।

### प्रयासों को जनप्रतिनिधियों से मिली सराहना

इस कार्यक्रम में एसीसी ट्रस्ट द्वारा मेले में लगाए गए स्टॉल में समस्त शासकीय विभाग के अधिकारियों व सम्मानीय जन प्रतिनिधियों ने आकर अति कुपोषित बच्चों को किट वितरण किया। सभी अतिथियों के द्वारा इन प्रयासों की सराहना की गई। अतिथियों में ममता रंगलाल पटेल, उदयराज सिंह, जयवंत सिंह, अंकुर ग्रोवर, दुर्गा विश्वकर्मा, सीडीपीओ संतोष अग्रवाल, अनीता सेन इत्यादि शामिल थे। कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल बनाने में एसीसी ट्रस्ट से पीयूष लाल, मोहसिना बी, पूजा तिवारी, पंकज द्विवेदी, अमित सोनी एवं सुनील बर्मन की मुख्य भूमिका रही।

# छात्राओं को बताया प्रकृति का महत्व

**कटनी।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बीते 22 अप्रैल को प्राचार्य की अध्यक्षता में विश्व वसुंधरा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को प्रकृति का संरक्षण कर अधिक से अधिक पौधे लगाना, पौधों की देखभाल करना, पृथ्वी को हरा-भरा बनाना, जल संरक्षण कर बूंद-बूंद पानी का बचाव करना, प्राकृतिक पदार्थों का कम से कम दोहन करना ताकि उनको हम आने वाली पीढ़ी तक हस्तांतरित कर सकें। ऊर्जा के नवीकरणीय साधनों का प्रयोग करना जैसे सौर ऊर्जा पवन ऊर्जा जल ऊर्जा और ऑक्सीजन एवं हाइड्रोजन की सहायता से पानी का निर्माण कर ऊर्जा उत्पादन जैविक कृषि को बढ़ावा देना आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य राजेश तिवारी, उमा वर्मा, दिनेश तिवारी, श्रीकांत शुक्ला, ममता बरसैया, अर्चना मनोधया, श्वेता पाठक, श्वेता गुप्ता, सुषमा दुबे, स्वाति पाटिल, दीपमाला पटवा, आनंद मौर्य, आकाश तिवारी, रामविंद पटेल, सपना अग्रवाल, लबीबा अंबर, अविनाश प्यासी, काशी प्रसाद, मोहित बर्मन, मनोज श्रीवास, सविता यादव एवं छात्राओं द्वारा सहभागिता प्रदान की गई।

### कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मना विश्व वसुंधरा दिवस

# निगमायुक्त ने दो कर्मचारियों को थमाया कारण बताओ नोटिस

**कटनी।** जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा द्वारा विगत दिवस निगम कार्यालय की विभिन्न शाखाओं राजस्व शाखा, जलकर शाखा, खाद्य शाखा, लेखा शाखा, स्थापना शाखा, भवन अनुज्ञा शाखा, आवक जावक शाखा आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालयीन समय से अनुपस्थित अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रभारी अधिकारी जलकर शाखा का रिकॉर्ड अव्यवस्थित होने के कारण संबंधित पर नियमानुसार कार्यवाही करनें हेतु निर्देशित किया गया था। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राप्त निर्देशों के परिपालन में जलकर काउंटर में पुरानी एवं अनुपयोगी सामग्री रखे होने के कारण नागरिकों को होने वाली असुविधा के कारण अश्विनी प्रसाद पाण्डेय प्रभारी अधिकारी जलकर एवं विगत 20 अप्रैल को नगर निगम गेट पर उपस्थित जुलूस के दौरान फायर ब्रिगेड से पानी का छिड़काव कर पानी का अपव्यय किये जाने पर शैलेन्द्र दुबे सहायक राजस्व निरीक्षक फायर ब्रिगेड को उपरोक्त संबंध में तत्काल कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के अंदर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करनें का सूचना पत्र जारी किया गया है। कलेक्टर महोदय के निरीक्षण के दौरान प्र. कैशियर प्रमोद कुमार पाण्डेय सहा ग्रेड -3 को अपने कर्तव्य से अनुपस्थित पाये जाने एवं कोषपाल कक्ष का रिकॉर्ड अव्यवस्थित पाये जाने पर तथा कोषपाल शाखा में पदस्थ राजेन्द्र दुबे, मेट, को अपने कर्तव्य में निर्धारित ड्रेस कोड में नही पाये जाने एवं कोषपाल शाखा से संबंधित जानकारी देने में असमर्थ होने के कारण लापरवाही एवं अनुशासनहीनता मानते हुए एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के आदेश जारी किये है।

### दो कर्मचारियों की एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी

# मानव एकता दिवस पर निरंकारी भक्तों द्वारा रक्तदान कल



**कटनी।** युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी की स्मृति में उनकी शिक्षाओं से निरंतर प्रेरणा लेते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानव एकता दिवस के अवसर पर संपूर्ण विश्व में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जायेगा । इस वर्ष भी कटनी में परम सत्कार्ययोग महात्मा नौतन दास केवलानी की अध्यक्ष्यता हुजुरी में 24 अप्रैल दिन रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक, संत निरंकारी सत्संग भवन माधव नगर कटनी में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिवि में मिशन के श्रद्धालुओं द्वारा पूरे उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर रक्तदान किया जायेगा । रक्त एकत्रित करने हेतु सरकारी अस्पताल कटनी से डॉक्टरों की एक टीम भी वहां पर उपस्थित होंगी । इस अवसर पर संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 265 स्थानों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जायेगा, जिसमें लगभग 40,000 से 50,000 यूनिट रक्त संकलित किये जाने की संभावना है इन शिविरों का आयोजन संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा के तत्वधान में किया जायेगा । यह उपयुक्त जानकारी संत निरंकारी मण्डल के सचिव जोगिन्दर सुखीजा द्वारा सांझा की गई जिसमें उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा कोविड 19 के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए ही सभी रक्तदान शिविरों का आयोजन होगा । समालखा दिल्ली में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज अपना पावन आशीर्वाद प्रदान करेंगे और साथ ही जूम ऐप के माध्यम द्वारा सम्पूर्ण भारतवर्ष के शेष स्थानों पर आयोजित होने वाले सभी रक्तदान शिविरों को भी सामूहिक रूप से आशीर्वाद प्रदान करेगें । इसके अतिरिक्त उसी दिन थैलेसिमिया से संबंधित जाँच की सुविधा भी समालखा एवं कुछ अन्य स्थानों पर उपलब्ध करवाई जायेगी, जिसमें 18 से 30 वर्ष के आयु वर्ग के सभी व्यक्ति लाभान्वित हो सकेंगे । युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी सदैव ही समाज कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत रहे । उन्होंने एक ओर जहाँ सत्य के बोध द्वारा मानव जीवन को सभी प्रकार के भ्रमों से मुक्त किया वहीं दूसरी ओर नशाबंदी एवं सादा शादियाँ जैसे समाज सुधारों की भी नींव रखी। उन्होनें मिशन के सन्देश को केवल भारतवर्ष में ही नहीं अपितु विदेशों में भी पहुँचाया, जिसके परिणामस्वरूप आज विश्वभर के 60 से भी अधिक देशों में मिशन की सैंकड़ों ब्राँचे स्थापित हो चुकी हैं जो सत्य, प्रेम एवं मानवता का संदेश जन-जन तक पहुँचा रही हैं । बाबा गुरबचन सिंह जी ने युवाओं की ऊर्जा को नया आयाम देने के लिए उन्हें सदैव ही खेलों के लिए भी प्रेरित किया ताकि उनकी ऊर्जा को उपयुक्त दिशा मिले जिससे देश एवं समाज का सुंदर निर्माण हो सकें । मिशन के भक्तों के लिए रक्तदान पहले से ही जनकल्याण की सेवा भाव में एक अभिन्न अंग रहा है । युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह के कथन रक्त नालियों में नहीं नाड़ियों में बहे इस सन्देश को मिशन के अनुयायियों ने निश्चित रूप में चरितार्थ किया है और जिसे वर्तमान में सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज के निर्देशानुसार निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है । इस विशाल रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं के लिए अल्प आहार एवं पेयजल की भी उचित व्यवस्था की जायेगी ।

## साफ-सफाई के बाद किया कीटनाशक का छिड़काव

**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 को दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित मानदंडों के अनुरूप नगर की सफाई व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाये रखने में निगम का अमला निरंतर कार्यरत है। रोजाना रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगरीय एवं उपनगरीय वार्डों के विभिन्न स्थानों की सफाई के साथ ही प्रातः कालीन दैनिक सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगर की सार्वजनिक सड़कों, नाले नालियों, डिवाइडर, डस्टबिन, लिटरबिन सार्वजनिक शौचालयों आदि की सफाई का कार्य कराया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि सुचारू सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नदी पार, कुठला मुख्य मार्ग एवं बस्ती, पन्ना मोड़, चांडक चौक, आजाद चौक से मिशन चौक, वंशस्वरूप वार्ड मुख्य मार्ग, जालपा देवी वार्ड की विभिन्न गलियों, मोहन टॉकीज रोड सहित अन्य स्थलों की सफाई का कार्य कराया गया।



## अब फीडबैक के लिए नागरिकों को जागरूक करने नगर निगम ने चलाया अभियान



**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के प्रत्येक बिंदुओं पर खरा उतर कर नगर को उच्च शिखर पर पहुंचानें हेतु जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है। निगमायुक्त श्री धाकरे के निर्देशन में गठित टीम के सदस्यों द्वारा नगर के महारानी लक्ष्मी वार्ड एवं गुरूनानक वार्ड के विभिन्न स्थलोंए जागृति पार्क, अहिंसा तिराहा, बस स्टैंड परिसर एवं होटल व मार्केट क्षेत्र, गल्ला मंडी परिसर, पन्नी कॉलोनी, मानसरोवर कॉलोनी सहित नगर के अन्य सार्वजनिक स्थलों मे अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से नागरिकों को फीडबैक के संबंध में जानकारी प्रदान की जाकर पूछे जाने वाले 10 प्रश्नों का सकारात्मक जवाब देकर नगर को स्वच्छता के शिखर पर पहुंचने की अपील की गई।

# आइपीएल क्रिकेट के बीच शहर में हर गेंद पर लग रहे दांव

## कोडवर्ड से संचालित हो रहा हाईटेक क्रिकेट सट्टा, रोज हो रहे करोड़ों के वारे-न्यारे, पुलिस की पकड़ से दूर खाईबाज

कटनी। आईपीएल क्रिकेट मैच में अपनी मनपसंद टीम के हारने और जीतने पर सटोरियों द्वारा सट्टा का कारोबार जमकर हो रहा है। पुलिस अधिकारियों को इस बारे में जानकारी होने के बाद भी उनके द्वारा सट्टा कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। क्रिकेट सट्टे के कारोबार से जुड़े लोगों के अनुसार मैच की पहली गेंद से लेकर टीम की जीत तक भाव चढ़ते-उतरते हैं। एक लाख को एक पैसा, 50 हजार को अठन्नी, 25 हजार को चवन्नी कहा जाता है। गौरतलब है कि क्रिकेट मैच में आईपीएल क्रिकेट का विशेष महत्व माना जाता है। टी-20 मैच के आधार पर शहर में एक-एक गेंद पर सट्टा लग रहा है। अपनी मनपसंद टीम पर हारने और जीतने की बाजी लोग रहा रहे हैं। इतना ही नहीं खिलाड़ी के आउट होने तथा उसके चौका छक्का लगाने पर भी फोन द्वारा सट्टा कारोबार किया जा रहा है। इस समय शहर में चारों ओर इस सट्टे का बोलबाला है। इसके अलावा शहर के उपनगरीय क्षेत्रों में भी सटोरियों के द्वारा सट्टे का कारोबार इन दिनों जोर-शोर से किया जा रहा है। पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से कई गरीब परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं।



बताया जाता है कि शहर में आइपीएल सट्टे का कारोबार जोरों से चल रहा है। दूर-दूर से लोग सट्टा खेलने आ रहे हैं। पूरा कारोबार आनलाइन चल रहा है ताकि पुलिस से बचा जा सके। कंप्यूटर, लैपटाप, मोबाइल के जरिए सट्टा खिलाया जा रहा है। मैच के हर बाल, ओवर और रन का रेट निर्धारित कर कारोबार किया जा रहा है। जानकारों के अनुसार पूरा कारोबार बुकी के माध्यम से कोडवर्ड से संचालित होता है। प्रत्येक बुकी का अलग-अलग कोडवर्ड होता है। सट्टा खिलाने वाले लोग हर मैच के पहले अपना मोबाइल नंबर बदल देते हैं। इससे पुलिस उनको आसानी से ट्रेस नहीं कर पाती है। इसमें स्थानीय सट्टेबाज भी शामिल हैं।

### हर मैच में बदल जाता सटोरियों का मोबाइल नंबर

क्रिकेट सट्टे के कारोबार से जुड़े लोगों के अनुसार मैच की पहली गेंद से लेकर टीम की जीत तक भाव चढ़ते-उतरते हैं। एक लाख को एक पैसा, 50 हजार को अठन्नी, 25 हजार को चवन्नी कहा जाता है। पूरे मैच में तीन सेशन बड़े अहम होते हैं। पहला सेशन पहले मैच का 10 ओवर और आखिरी पांच तथा सेकंड इनिंग के छह ओवर का। इस दौरान मैच के हर बाल पर दांव लगाने के साथ-साथ बालर, बेट्समैन पर भी दांव लगाए जाते हैं। आइपीएल क्रिकेट में सट्टेबाज 20 ओवर को लंबी पारी, दस ओवर को सेशन और छह ओवर तक सट्टा लगाने को छोटी पारी खेलना कहते हैं। यदि किसी ने दांव लगा दिया और वह कम करना चाहता है तो फोन कर एजेंट को मैंने चवन्नी खा ली कहना होता है। पूरा नेटवर्क आधुनिक संचार प्रणाली लैपटॉप, मोबाइल, वाइस रिकार्डर आदि पर ही चल रहा है। सावधानी इतनी बरती जाती है कि एक बार कोई मोबाइल नंबर यूज हो गया तो उसे दोबारा इस्तेमाल नहीं किया जाता।

### तत्काल कार्रवाई के निर्देश-एसपी

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन का कहना है कि सभी थाना-चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश हैं कि जहां पर भी आइपीएल सट्टा की जानकारी मिलती है, वहां तत्काल कार्रवाई की जाए।

## कैमोर एसीसी एसएमटीआई के छात्रों को मिलेगी नौकरी



# विधायक संजय पाठक का दबाव आया काम, एसीसी मैनेजमेंट ने दी प्रमुख मांग पर सहमति, छात्रों के संघर्ष की जीत

### पैकिंग हाउस वर्करों की वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को पूरा करने दिया था मांग पत्र



**कटनी ।** विजयराघवगढ़ विधानसभा के प्रमुख औद्योगिक नगर कैमोर में एसीसी सीमेंट फैक्ट्री में चल रहा छात्र संघर्ष और मजदूरों का वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को गति मिलती दिखाई दी विधायक संजय पाठक से आज एसीसी सीमेंट फैक्ट्री कैमोर मैनेजमेंट ने संवाद के बाद एक प्रमुख मांग एसएमटीआई के छात्रों को नौकरी देने पर सहमति दी जिसमें 15-15 छात्रों को क्रमशः फैक्ट्री में नौकरी दी जाएगी । इसके पूर्व विधायक संजय पाठक आज पुनः कैमोर प्रवास पर पहुंचे जहां वे पिछले कई दिनों से एसीसी कैमोर सीमेंट फैक्ट्री से संबंधित विषयों पर एसएमटीआई छात्र संगठनए बीएमएसए इंटक आदि कर्मचारी संगठन अपनी मांगों को पूरा करने का दवाब बनाए हुए थे विधायक श्री पाठक ने संगठनों के प्रतिनिधियों के विस्तृत चर्चा के उपरांत मजदूर संगठन के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एसीसी सीमेंट फैक्ट्री कैमोर मैनेजमेंट के प्लांट हेड श्री रेड्डी जी एवम अन्य अधिकारियों की उपस्थिति मांगों को पूरा करने पर एक बार पुनः विस्तृत चर्चा की ओर एक मांग पत्र सौंपा जिसमें पैकिंग हाउस वर्कर के वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को पूरा करने सम्बन्धित विषय है इस दौरान कैमोर प्लांट के हेड श्री रेड्डी जी द्वारा चर्चा में एसएमटीआई के छात्रों को 15द्15 कर नौकरी देने पर सहमति दी एवम मजदूरों के विभिन्न विषयों पर जल्द से जल्द मुंबई हेड ऑफिस से सहमति प्राप्त कर पूरा करने का आश्वासन दिया । विधायक श्री संजय पाठक द्वारा दिए गए मांग पत्र में अमेहटा प्रोजेक्ट में स्थानीय लोगों को प्रमुखता से रोजगार उपलब्ध करने ए पैकिंग हाउस वर्कर को ई ग्रेड वेतनमान देते हुए वेतन वृद्धि करनेए ठेका श्रमिकों को सेंट्रल का वेतन मान दिए जानेए फ्लाई ऐश के ट्रांसपोर्ट में क्षेत्रीय बलकर वालो को प्रमुखता दिए जानेए जिन जमीनो पर फेक्ट्री द्वारा जबरन कब्जा किया गया है उनके साथ न्याय किए जाने सहित अन्य मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का मांग पत्र सौंपा । इसमें औद्योगिक प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों को नौकरी देनी होगीए श्रमिको मजदूरों के वेतन वृद्धि सहित अन्य मुद्दों को मानना होगा नही तो छात्र मजदूरों एवं स्थानीय निवासी आगे और कठिन आंदोलन फेक्ट्री गेट के सामने शांति पूर्ण आंदोलन कर करने को मजबूर होगे ।

## सिर में बका गिरने से किशोर घायल

**कटनी।** लकड़ी काटने पेड़ पर चढ़े दोस्त का बका नीचे गिरने से एक किशोर सिर पर चोट लगने से जख्मी हो गया है। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना क्षेत्र के ग्राम गैतरा निवासी राजकुमार पटेल का 16 वर्षीय पुत्र अभिषेक पटेल मोहल्ले में शादी समारोह के लिए दोस्तों के साथ लकड़ी काटने गया था। तभी पेड़ के ऊपर से बका सिर में गिर गया, जिसमें किशोर को गंभीर चोट आई है। युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# चोरी की रेत से भरी ट्रेक्टर-ट्राली जप्त

**कटनी।** विजयराघवगढ़ पुलिस ने कांटी मोड़ पर दबिश देकर चोरी की रेत से लोड एक बिना नंबर की ट्रेक्टर-ट्राली को पकड़कर थाने में खड़ा कराया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कांटी मोड़ पर मुखबिरों की सूचना पर पुलिस ने दबिश दी और यहां से चोरी की रेत लेकर गुजर रहे ट्रेक्टर ट्राली को पकड़ कर थाने में खड़ा कराया। मामले में पुलिस ने भीमपार निवासी सुनील परौहा नामक युवक के विरूद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।








## ट्रेक्टर-आटो की भिड़ंत में 3 जख्मी



**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ट्रेक्टर-ट्राली व आटो के बीच हुई भिड़ंत में विवाह समारोह में शामिल होकर वापस गांव लौट रहे आटो सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम रजरवारा निवासी विशाली पाल, रन्नी पाल व दरबारी पाल गतदिवस आटो में सवार होकर एक विवाह समारोह में शामिल होने समीपस्थ गांव बरहटा गए थे। जहां देररात तक विवाह की रस्मों में शामिल होने के बाद जब तीनों आटो में सवार होकर वापस गांव लौट रहे थे। उसीदौरान बीच रास्ते में तेज रफ्तार आटो की भिड़ंत विपरीत दिशा से आ रही ट्रेक्टर-ट्राली से हो गई। जिसके कारण आटो सवार तीनों लोग घायल हो गए। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने ट्रेक्टर चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि आशीष बसरानी के खाता क्रमांक 19720100027002 जो कि बैंक ऑफ बड़ौदा में संचालित है, मेरा दोस्त मेरे साथ था, उनके हाथ चेक बुक क्रमांक 00001 से 000010 थे कहीं गुम हो गए हैं, जिनमें से एक कोरे चेक पर मेरे हस्ताक्षर किए हुते है जो काफी खोजबीन पर नहीं मिले हैं। अतः सूचित करते हैं कि वर्तमान या भविष्य में भुगतान सम्बन्धी अन्य विवाद होता है तो उसके लिए आशीष बसरानी की जवाबदारी नहीं होगी।

भवदीय
**आशीष बसरानी**
वरुण भवन के सामने, जयप्रकाश वार्ड नई बस्ती, कटनी
मो. 7000696240


पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION साईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

आवश्यकता है

ऑफिस में कार्य हेतु अनुभवी युवक-युवतियों की आवश्यकता है। टेली में कार्य करने वाले को प्राथमिकता दी जावेगी। संपर्क- शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स जबलपुर रोड बरगवां कटनी मो. 9009767272


स्व. श्री धनेन्द्र (जित्तु) गर्ग जी की प्रथम पुण्यतिथि में आयोजित

**श्रीमद् भागवत कथा**



स्व. श्री धनेन्द्र (जित्तु) गर्ग जी

निवेदक-धर्मेन्द्र गर्ग



शनिवार 23 अप्रैल 2022 से शनिवार 30 अप्रैल तक

शनिवार 30 अप्रैल 2022 को कन्या भोज, ब्राम्हण भोज, भण्डारा एवं प्रसाद वितरण

स्थान- मुख्य मार्ग इमलिया, निज निवास स्थान मनकामेश्वर मंदिर ग्राम पंचायत इमलिया, जिला-कटनी



कथा व्यास परमपूज्य गुरूदेव आचार्य डॉ. श्री बालेन्दु प्रसाद मिश्रा जी महाराज कटनी (बरगढ़ वाले गुरूजी)

एवं समस्त गर्ग परिवार व मित्रगण, मो. 8463060428

PRE. REGISTRATION
साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

प्लॉट बिकाऊ है

समदड़िया सिटी, राय कालोनी, बारह बंगला के पास एवं शांतिनगर में साईज 1000 से 3000 वर्गफुट तक के प्लॉट रेट 1000 से 1200 वर्गफुट में उपलब्ध हैं। सिर्फ खरीददार ही संपर्क करें। मो. 9993705740

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

**समर्थ**
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

आर्टिफिशल इन्टेलीजेन्स के साथ कटनी की प्रथम अति आधुनिक 32-96 स्लाइस 2021 मॉडल सीमन्स कम्पनी की मशीन



**एडवांस्ड**
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर

-32-96 स्लाइस की मशीन होने के कारण एक्सपोजर समय अत्यंत कम
-सी टी हेड 6 सेकेंड
-सी टी चेस्ट 20 सेकेंड, -सी टी एबडामन 30 सेकेंड, -कम एक्सपोजर कम रेडीयेशन

आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087, 8319994375 फोन 07622-494511





स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)